### एक नजर में

## ईट राइट चैलेंज में गुना जिले ने देशभर में पाया प्रथम स्थान

**गुना।** ईट राइट चैलेंज फेज-4 प्रतियोगिता में जिला गुना ने 200 में से 180 अंक प्राप्त कर देश में प्रथम स्थान पाया है। इस प्रतियोगिता में खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में 5 ईट राइट कैंपस, 5 ईट राइट स्कूल, 2 रेल्वे स्टेशन, 2 भोग परिसर एवं 2 सब्जी मण्डी का प्रमाणीकरण कराया है। इनके साथ ही दिये गये सैंपलिंग एवं निरीक्षण, लक्ष्य, लाइसेंस एवं पंजीयन का लक्ष्य खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा समय सीमा में पूर्ण किया गया। उक्त सभी संस्थाओं के सर्टिफिकेट संस्था प्रमुख एवं उनकी टीम को कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा प्रदान किये गये।

इन्हें प्रदान किये गये सर्टिफिकेट

भोग शुभोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र जैन मंदिर, बीनागंज, बोहरा मस्जिद गुना, ईट राइट स्टेशन गुना रेल्वे स्टेशन, रूठियाई रेल्वे स्टेशन, क्लीन एण्ड फ्रेश फ्रूट एण्ड वेजीटेबल्स मार्केट शास्त्री पार्क सब्जी मण्डी गुना, नवीन सब्जी मण्डी राघौगढ़, ईट राइट कैंपस गेल राघौगढ़, एनएफएल राघौगढ़, जेपी यूनिवर्सिटी राघौगढ़, हॉस्पिटल कैंपस गुना, स्वामी रामानंद प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र बीनागंज, ईट राइट स्कूल क्राईस्ट उमावि गुना, आचार्य विद्यासागर उमावि आरोन, प्रज्ञा उमावि राघौगढ़, श्री कृष्ण मेमोरियल स्कूल बीनागंज, रॉयल पब्लिक स्कूल बमोरी ।

# श्रावण सोमवार को शिवालयों में गूंजे हर-हर महादेव

## उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, अलसुबह से ही लगी लंबी कतारें, शहर से गांव तक गूंजे जय ओम शिवकारा के स्वर

नवभारत न्यूज

**गुना 14 जुलाई का। सावन महीने के पहले सोमवार को शहर के शिवालयों में हर-हर महादेव, जय ओम शिवकारा की गूंज सुनाई दी। अल सुबह से ही श्रद्धालुओं की मंदिरों में खासी भीड़ रही। वहीं शिव मंदिरों के साथ अन्य मंदिरों पर भी दिनभर भक्तों को तांता लगा रहा है। साथ ही अंचल के सभी प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था।**

गौरतलब है कि इस बार सावन में अधिमास है। सावन माह के पहले सोमवार को शहरभर के शिव मंदिरों में शिवलिंगों का दूध, जल से अभिषेक किया गया। शिवलिंगों को पुष्प, बेल पत्र, आंक, धतूरे से सजाकर महाआरती की गई। इस दौरान मंदिरों में घंटी, घडियाल, शंख व झालर के बीच भोलेनाथ के उद्घोष से माहौल भक्तिमय बना रहा।



शहर के पशुपतिनाथ महादेव मंदिर, जिला अस्पताल परिसर स्थित शिवालय, कोटेश्वर महादेव, हनुमान चौराहा मंदिर, जाटपुरा, हनुमान चौराहा, जयस्तंभ चौराहा, गोपाल मंदिर के अलावा जिले के प्राचीन केदारनाथ धाम, गादेर मंदिर, मुहालपुर एवं चांचौड़ा स्थित बाघबागेश्वर आदि अन्य शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। हालांकि इस दौरान केदारनाथ धाम पर गुफा में पहुंचकर श्रद्धालु जल नहीं चढ़ा सके। प्रशासन ने बाहर ही एलईडी पर दर्शन की व्यवस्था की। कई लोगों ने पंडितों की मौजूदगी में शिव महाभिषेक किया। महामृत्युंजय के जाप शुरू हुए तथा रुद्राभिषेक किया गया। वहीं सावन मास में एक महीने तक प्रत्येक शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का दौर चलेगा। सावन के पहले सोमवार को शहर के हनुमान चौराहा, जयस्तंभ चौराहा एवं अस्पताल मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। मंदिर में भोले के दर्शन करने के लिए सुबह 5 बजे से ही लंबी-लंबी लाइन दोपहर तीन बजे तक लगी रही। वहीं मंदिर परिसर में कोई अप्रिय घटना घटित न हो इसके लिए पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इसके अलावा शहर से लगे केदार गुफा मंदिर पर भी शिव भक्तों की भीड़ देर शाम तक देखने को मिली। इसके अलावा सावन महीने के पहले सोमवार को कई लोगों ने घर पर ही भगवान शिव की पूजन का बंदोबस्त किया है। पंडितों के द्वारा शिव महापुराण पाठ कराकर रात्रि को भगवान भोले की भक्ति में जगराता किया।

**अभिषेक का है महत्व**

सावन में भगवान शिव की आराधना एवं शिव अभिषेक का विशेष महत्व है। पंडितों के अनुसार पार्थिव शिवलिंग के पूजन से शिवजी का आशीर्वाद मिलता है।

### दूध, दही, गंगाजल चढ़ाएं

इस मौके पर पंड़ितों ने बताया कि सावन महीने में भगवान शिव की पूजा से मनवांछित फल प्राप्त होता है। इस महीने में भगवान भोले शंकर को दूध, दही, घी, मक्खन, गंगाजल, विल्ब पत्र, आक, धतूरा आदि चढ़ाना चाहिए, क्योंकि इस माह में भगवान भोले नाथ की सच्चे मन से आराधना की जाए, तो उसे मनवांछित फल प्राप्त होता है। वहीं सावन महीने में बेल पत्रों व पुष्पों की मांग बढ़ गई है। पूजन-अर्चन करने वाले श्रद्धालुओं ने एक महीने के लिए बुकिंग करा ली है। ऐसे लोगों ने रोजाना एक माह के लिए बेल पत्र, फूल, आंक व धतूरा लेने के लिए दुकान निर्धारित कर ली है।



## उत्साह के साथ निकली भगवान पशुपतिनाथ की 26वीं पालकी यात्रा

इधर श्रावण मास के पहले सोमवार को भगवान पशुपतिनाथ की 26वीं भव्य पालकी यात्रा धार्मिक उल्लास और भक्तिभाव के साथ निकाली गई। पुरानी गल्ला मंडी स्थित प्राचीन पशुपतिनाथ महादेव मंदिर से निकली यह शिव दर्शन सवारी यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन~मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर समिति के तत्वाधान में प्रतिवर्ष निकलने वाली इस पारंपरिक यात्रा की शुरुआत भगवान की विशेष पूजा-अर्चना के बाद की गई। भक्तों ने भजन, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ भोलेनाथ की पालकी का स्वागत किया। यात्रा का मार्ग सुभाष कॉलोनी, तेलघानी चौराहा, हनुमान चौराहा, हाट रोड, सराफा बाजार, सदर बाजार, लक्ष्मीगंज, मानस भवन, जयस्तंभ चौराहा, जाट मोहल्ला और मंदिर घाट तक रहा। रास्तेभर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। शहर में शिवभक्ति की विशेष छटा देखने को मिली। मंदिर समिति ने यात्रा की व्यवस्था संभालते हुए नगरवासियों से अधिकाधिक संख्या में जुडकर धर्मलाभ लेने की अपील की। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## पारदेश्वर महादेव मंदिर से निकली विशाल कावड़ यात्रा, श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ आयोजन



**गुना।** सावन मास के प्रथम सोमवार को जिले के ग्राम राई स्थित प्राचीन पारदेश्वर महादेव मंदिर से भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। यह यात्रा सोमवार को प्रात: 7 बजे मुख्य पुजारी नीरज बैरागी के निर्देशन में मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुई। कावड़ यात्रा पारदेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर राई, बंधा, खेरीखता, मोहनपुर, ऊमरी, नेगमा, मंडी गेट होते हुए हनुमान चौराहा और जयस्तंभ चौराहा होते हुए श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंची। वहां भगवान शिव का जलाभिषेक कर रात्रि 8 बजे यात्रा का समापन किया गया। विशेष बात यह रही कि पारदेश्वर महादेव मंदिर में 12 महीने जलाभिषेक स्वत~ ही होता रहता है, जिससे यह मंदिर भक्तों के लिए अत्यंत आस्था और चमत्कार का केंद्र बन चुका है। यह मंदिर केदारनाथ धाम की भांति आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करता है और गुना शहर से केवल 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरे मार्ग में हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष गूंजते रहे। आयोजन में ग्रामवासियों ने भव्य व्यवस्था की और सभी श्रद्धालुओं से इस पावन स्थल पर दर्शन कर धर्मलाभ लेने की अपील की।

## गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ ने लगाए 24 पौधे

**गुना।** अखिल विश्व गायत्री परिवार ट्रस्ट गुना की युवा प्रकोष्ठ इकाई द्वारा सोमवार को मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित (परियोजना क्रियान्वयन इकाई) सकतपुर रोड गुना परिसर में विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जल निगम के जी.एम. एस.एस. यादव के सफल कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत परिसर में कुल 24 पौधे रोपे गए। इस अवसर पर गायत्री परिवार ट्रस्ट युवा प्रकोष्ठ के सदस्यों सहित जल निगम स्टाफ शामिल रहा।

## विश्व हिन्दू परिषद का नगर समिति सम्मेलन सम्पन्न



**गुना।** विश्व हिन्दू परिषद द्वारा एक दिवसीय अभ्यास वर्ग एवं नगर समिति सम्मेलन का आयोजन बूढ़े बालाजी मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गुना नगर के 13 खंडों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अभ्यास वर्ग के दौरान कार्यकर्ताओं को संगठन की आगामी गतिविधियों को लेकर प्रशिक्षण दिया गया तथा उन्हें वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों में संगठनात्मक जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया। सम्मेलन के मुख्य बिंदुओं में आगामी बूढ़ा अमरनाथ यात्रा और विश्व हिन्दू परिषद के स्थापना दिवस के आयोजन की रूपरेखा पर विशेष चर्चा की गई। सभी कार्यकर्ताओं को इन कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आयोजित करने हेतु कार्ययोजना से अवगत कराया गया और उनके दायित्व तय किए गए। कार्यक्रम में विभाग मंत्री सुरेश शर्मा ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए संगठन की नीतियों और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। जिला मंत्री राकेश शर्मा, जिला सह मंत्री रामप्रसाद शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष नितिन जाट और गौरव कुशवाह उपस्थित रहे।

## दृष्टिबाधित बच्चों के सेवा प्रकल्प 'साई दृष्टि' में किया वृक्षारोपण




गुना। रोटरी क्लब गुना रॉयल द्वारा एक सराहनीय सेवा गतिविधि के अंतर्गत साई दृष्टि विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रोटरी इंटरनेशनल 3053 की प्रांतपाल डॉ. निशा शेखावत ने विशेष रूप से शिरकत की और साई दृष्टि स्कूल परिसर का अवलोकन किया। उन्होंने दृष्टिबाधित बच्चों की शिक्षा, प्रशिक्षण और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हो रहे प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस दौरान बच्चों को समर्पित रूप से पढ़ा रहे शिक्षक श्री किशोर फंडविस 'गुरुजी' का रोटरी क्लब द्वारा सम्मान किया गया। साथ ही विद्यालय में तैयार किए गए टेबल टेनिस प्ले रूम का विधिवत शुभारंभ भी डॉ. निशा शेखावत के कर-कमलों से किया गया। यह कक्ष रोटेरियन संदीप जैन कैची वीडी और रोटेरियन महावीर जैन के सौजन्य से तैयार हुआ है। क्लब द्वारा परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण-संवेदनशीलता का भी संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से उस छात्रा हिमांशी का सम्मान भी किया गया जो दृष्टिबाधिता के बावजूद शिक्षा की ऊंचाइयों को छूने के लिए तत्पर है और अब बीएएलएलबी की पढ़ाई हेतु भोपाल जा रही है। यह सम्मान उसकी हिम्मत, साहस और प्रेरणा का प्रतीक रहा। क्लब अध्यक्ष एडवोकेट सौरभ जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए क्लब की सेवाभावी भावना को रेखांकित किया। अभिजीत गोयल ने रोटरी क्लब की गतिविधियों और सेवा प्रकल्पों की जानकारी साझा की, वहीं सचिव जितेन्द्र वर्मा ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर रोटरी ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. विम जैन, साई दृष्टि के चेयरमैन सुदीप जैन, लायंस क्लब द्वारा संचालित लायंस आई हॉस्पिटल के प्रतिनिधिगण सहित जी.बी. सक्सेना, सी.पी. रघुवंशी, आलोक अग्रवाल, निकलंक जैन, संजय जैन एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने सेवा प्रकल्पों की सराहना करते हुए भविष्य में और सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान लायंस क्लब द्वारा संचालित नेत्र चिकित्सालय का भी निरीक्षण कर प्रशंसा की।

## फरार आरोपियों के लिए चांचौड़ा न्यायालय ने की उद्घोषणा

**गुना।** जिले के थाना चांचौड़ा के एक जानलेवा मारपीट के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों के संबंध में चांचौड़ा न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए उद्घोषणा जारी की है। जानकारी के अनुसार चांचौड़ा थाने में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक 118/25 धारा 109, 3(5) बीएनएस में आरोपी अमृतलाल पुत्र गंगाराम गुर्जर एवं दिनेश पुत्र अमृतलाल गुर्जर, निवासी ग्राम बोरखेड़ी थाना मृगवास, घटना के दिन से ही फरार हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए थाना पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए गए, किंतु दोनों आरोपी अपने पते से गायब मिले। गिरफ्तारी में असफल रहने पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी चांचौड़ा सुश्री प्रियम सेन द्वारा उद्घोषणा जारी करते हुए निर्देश दिए गए हैं कि आरोपी 7 अगस्त 25 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। इस प्रकरण में पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है। नियत तिथि पर यदि आरोपी न्यायालय में हाजिर होना ही होगा।

## डोंगरी में तालाब की पार फूटने से आधा दर्जन गांवों में मची तबाही



**गुना।** जिले के सिरसी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बमोरी डोंगरी में सोमवार सुबह भारी बारिश के चलते एक बड़ा हादसा हो गया। तडके करीब 6 बजे गांव के तालाब की मिट्टी से बनी पार अचानक तेज बहाव के साथ टूट गई, जिससे तालाब का पानी बेकाबू होकर आसपास के खेतों में फैल गया और जमकर तबाही मचाई। इस घटना से आसपास के आधा दर्जन गांवों की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तालाब लगभग 30 से 40 बीघा क्षेत्र में फैला हुआ था, जिसकी पार कच्ची मिट्टी से बनी हुई थी। पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण तालाब में पानी का स्तर काफी बढ़ गया था। सोमवार सुबह पार का एक हिस्सा दबाव नहीं झेल सका और तेज बहाव के साथ बह गया। देखते ही देखते पूरा पानी खेतों की ओर बहने लगा, जिससे खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह जलमग्न हो गईं। इस प्राकृतिक आपदा का सबसे अधिक असर ग्राम भोटूपुरा में देखने को मिला, जहां किसान बोवनी कर चुके थे और फसलें उगने लगी थीं। अचानक हुए जलभराव ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। भोटूपुरा के अलावा आस-पास के अन्य गांवों में भी खेतों में पानी भरने से फसल नुकसान की खबरें सामने आई हैं। किसानों ने प्रशासन से शीघ्र नुकसान का सर्वे कराने और मुआवजा दिलाने की मांग की है। इस आपदा से किसानों में भारी मायूसी और चिंता का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते तालाब की पार की मरम्मत की जाती, तो इतनी बड़ी तबाही रोकी जा सकती थी।

## अवैध शराब के साथ आरोपी दबोचा

**गुना।** जिले की जामनेर थाना पुलिस ने हाथभट्टी की अवैध कच्ची शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर में जिले के जामनेर में राघौपुरा रोड मरघट शाला के पास एक व्यक्ति के प्लास्टिक की बडी-बडी दो केनों में कच्ची शराब लेकर उसे बेचने की मुखबिर सूचना पर जामनेर थाने से पुलिस एक टीम द्वारा तत्काल राघौपुरा रोड मरघटशाला के पास पहुंचकर देखा तो वहां पर प्लास्टिक की बड़ी-बड़ी दो केंनो के साथ एक व्यक्ति बैठा दिखा, जिसने पुलिस को देखते ही कैने छोडकर वहां से भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस फोर्स द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया । पूछताछ पर जिसने अपना नाम विष्णु पुत्र केशरीलला कलावत निवासी ग्राम बादलगढ थाना जामनेर जिला गुना का होना बताया, जिसके पास मिली केंनों को चैक करने पर उनमें हाथ भट्टी की कुल 70 लीटर अवैध कच्ची शराब भरी हुई पाई गई, जिसे पुलिस द्वारा विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया एवं जिसके विरूद्ध जामनेर थाने में अप.क्र. 170/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह कुशवाह, सउनि अजमेर रावत, प्रधान आरक्षक बृजेश त्यागी, प्रधान आरक्षक गिरजेश मीना, आरक्षक शुभम यादव, आरक्षक गजेन्द्र सिंह गुर्जर एवं आरक्षक सोबरन सिंह की विशेष भूमिका रही है ।

## डीएसओ के बैनरतले छात्रों ने कॉलेज में सौंपा ज्ञापन

**गुना।** छात्र संगठन डीएसओ की कॉलेज इकाई द्वारा पीजी कॉलेज प्रभारी प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया में आ रही तकनीकी और आर्थिक बाधाओं को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के नाम मांग पत्र भेजा गया। डीएसओ कॉलेज इकाई के अध्यक्ष शुभम् राव और सचिव रक्षा मीणा के नेतृत्व में छात्र प्रतिनिधियों ने ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए चल रही ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया अत्यंत जटिल और त्रुटिपूर्ण है।


इस वर्ष विभाग द्वारा प्रवेश हेतु नया पोर्टल लॉन्च किया गया है, जिसकी कार्यप्रणाली में कई तकनीकी कमियां हैं।

**कलश स्थापना** | 15 को होगी मुनिसंघ के चातुर्मास की भव्य मंगल कलश स्थापना

# मौन साधना ही समस्त ग्रंथों का सार : निरामयसागरजी

नवभारत न्यूज

**गुना। बाल्यावस्था, यौवन, बुढ़ापा स्थिर नहीं रहते। प्रतिक्षण इनमें परिवर्तन होता रहता है। संसार में परिजन, परिवार, पुत्र, स्त्री, अच्छा मित्र और गौधन, हाथी-घोड़े, नौकर चाकर बंधुवर अस्थिर होते हैं। यह नश्वर है। एक न एक दिन विनाश को प्राप्त होंगे।**




बारह भावनाओं का चिंतन बार-बार करने से हमारा वैरागय बढ़ता है। हम व्रत, नियम, संयम लेकर व्रती श्रावक, महाव्रती बन सकते हैं। उक्त धर्मोपदेश चौधरी मोहल्ला स्थित महावीर भवन में निर्यापक मुनिश्री योग सागरजी महाराज के ससंघ मुनिश्री निरामय सागरजी महाराज ने कार्तिकेनुप्रेक्षा नामक प्राचीन महाग्रंथ का स्वाध्याय कराते हुए दिए। मुनिश्री ने कहा कि मौन साधना करना बहुत सारे ग्रंथों का सार है। उन्होंने आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज का संस्मरण सुनाया कि अमरकंटक में चंद्रगिरी विहार कराते हुए समय आचार्य महाराज ने हमें दो माह तक मौन की साधना करने का आशीर्वाद दिया था। मौन साधना में ही हम बारह भावनाओं का चिंतन करके अपने कर्मों को नष्ट कर सकते हैं। जिस प्रकार नाव में छेद हो जाने पर उसमें जल भरना प्रारंभ हो जाता है।वैसे ही हमारी आत्मा में 108 प्रकार के कर्मों का आश्रव प्रतिक्षण होता रहता है। हमें उन कर्मों को रोकने के लिए संबर करना होगा। उनके लिए निरंतर बारह भावनाओं का बार-बार चिंतन करना होगा। तभी हमारे आत्मा में आने वाले कर्म रूक सकते हैं। मुनिश्री ने पांचों इंद्रियों को विस्तार से समझाया कि स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और कर्ण यह पांचों इंद्रियों के वशीभूत होकर संसारी प्रणाली अनंत पापों का आश्रव कर चार गतियों में चौरासी लाख योनियों में परिभ्रमण करता रहता है। अनंत भवों के पुण्य से हमें मनुष्य जन्म और उसमें भी जैन आगम मिला है। हमें इस मनुष्य भव को सच्चे देव, शास्त्र और गुरु की भक्ति, सेवा, समर्पण में लगाकर अपना कल्याण कर लेना चाहिए।

सौभागय से चातुर्मास में योगसारजी जैसे परम तपस्वी साधु मिले हैं हमें उनके सानिध्य का लाभ प्राप्त करना चाहिए।

### जुलूस में होगें हजारों श्रद्धालु शामिल

इस मौके पर जैन समाज अध्यक्ष संजय जैन एवं महामंत्री अनिल जैन अंकल ने बताया कि आचार्यश्री विद्यासागरजी, आचार्यश्री समय सागरजी महाराज के आशीर्वाद से उनके आज्ञानुवर्ती शिष्य निर्यापक मुनिश्री योग सागरजी महाराज सहित 12 मुनिराजों के चातुर्मास कलश स्थापना कार्यक्रम 15 जुलाई को होगा। इस मौके पर दोपहर 1:30 से बीजी रोड स्थित ऋषभायतन नसियांजी में चार माह के लिए मंगल कलश की स्थापना की जाएगी। मुनिसंघ जुलूस के रूप में 1.20 मिनट पर संतशाला से पदविहार कर सदर बाजार, जयस्तंभ चौराहा से होते हुए नसियांजी पहुंचेंगे। वहां पर हजारों श्रद्धालुओं के बीच विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मंगल कलश स्थापना होगी। मंगल कलश स्थापना को लेकर जैन समाज गुना में भारी उत्साह है। कमेटी द्वारा कार्यक्रम में श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।


माँ

मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
सर्व सुविधा युक्त हॉस्पिटल
(तेरी कृपा तेरी दया सरकार ट्रस्ट द्वारा संचालित)

होम डिलेवरी को प्राथमिकता
सर्वोत्तम हेल्थ केयर बेहतर देखभाल

अनुभवी डॉक्टर के साथ उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाऐं...

- आपातकालीन चिकित्सा
- आई.सी.यू. केयर
- जनरल मेडिसिन
- स्त्री एवं प्रसूति रोग
- बाह्य एवं शिशु रोग
- जनरल सर्जरी
- हड्डी रोग
- ट्रामा
- पैथोलॉजी
- डिजिटल एक्सरे

पता- बी.जी. रोड, मूल सिंह दादा भाई की कोठी के सामने एच.पी. पेट्रोल पम्प के पास, गुना (म.प्र.)

अधिक जानकारी के लिये सम्पर्क करें- 07542-469375